

Ludhiana Covid Update
New case - 4
Active case - 32
Home isolation -32

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME
यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA









VOL:01 | ISSUE:108 | TUESDAY, DATE: 03-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


# दुष्कर्म मामले में लोक इंसाफ पार्टी के मुखी व पूर्व विधायक बैंस सहित 6 के लगे भगोड़ा होने के पोस्टर

## पीड़ित महिला का आरोप फेसबुक पर लाइव हैं बैंस, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। पंजाब की जनता को इंसाफ दिलाने का दम भरने वाले लोक इंसाफ पार्टी के प्रमुख और पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस के खिलाफ शहर भर में


Wanted P.O.

भगोड़े होन के पोस्टर लगने से पंजाब की राजनीति में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। गौरतलब है कि बैंस सहित दुष्कर्म केस में शामिल अन्य 6 साथियों को समय पर अदालत में पेश न होने के कारण अदालत ने भगोड़ा करार दे दिया था। परंतु उसके बावजूद बैंस निरंतर फेसबुक पर लाइव होकर लोगों को संबोधन करते देखे जाते रहें हैं। वहीं कहीं न कहीं समय-समय पर माननीय अदालत में पेश होने के आदेशों की अवहेलना करते दिखे। बैंस के इस रवैये पर रेप पीड़िता की ओर से पुलिस पर भी बैंस पर जानबूझकर कार्रवाई न करने के आरोप लगाये जाते रहे हैं।

बैंस के पुलिस की गिरफ्त से बाहर होने के कारण पुलिस ने मंगलवार को सिमरजीत सिंह बैंस के अलावा कर्मजीत सिंह बैंस, परमजीत सिंह बैंस, प्रदीप कुमार गोगी, सुखचैन सिंह, बलजिंदर कौर व जसबीर कौर के वांटेड पोस्टर शहर में लगा दिये है। पुलिस मुताबिक कई जगह पर छापामारियां भी की जा रही है लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। दुष्कर्म मामले की सुनवाई पर गैरहाजिर होने के कारण ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट हरसिमरनजीत कौर की अदालत ने पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस सहित 6 अन्य लोगों को भगोड़ा करार दिया था जिसके बाद आरोपियों पर पुलिस ने थाना डिवीजन नंबर 6 में मामला दर्ज कर दिया था। गौरतलब है कि 10 जुलाई 2021 को थाना डिविजन नम्बर 6 में सिमरजीत सिंह बैंस व उनके साथियों खिलाफ एक पीड़ित महिला ने दुष्कर्म के आरोप लगा कर मामला दर्ज करवाया था।



### जल्द होगी गिरफ्तारी: ज्वाइंट सापी बराड़

ज्वाइंट कमिश्नर रवचरण सिंह बराड़ ने बताया कि बैंस व उसके साथी अदालत द्वारा भगोड़े करार दे दिये गये हैं। जिसके चलते थाना डिविजन नंबर 6 सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर उनके भगोड़े होन के पोस्टर लगा दिय गये हैं। उन्होंन आम जनता से भी आरोपियों के बारे में जानकारी साझा करने की अपील की। बराड़ ने कहा कि उनकी कई टीमें इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कार्य कर रही हैं। और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बैंस के फेसबुक पर लाइव होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द फेसबुक से संपर्क साधते हुए बैंस की लोकेशन ट्रैस की जाएगी। ताकी उनकी गिरफ्तारी कर उसे सलाखों के पीछे डाला जा सके।




### पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में: वकील ढांडा



पीड़ित महिला के वकील हरीश राय ढांडा ने कहा कि महिला को मिला इंसाफ उसकी खुद की लड़ाई का नतीजा है। पूरे मामले में पुलिस की कार्य प्रणाली भी सवालों के घेरे में रही क्योंकि मामनीय कोर्ट के निर्देशानुसार पुलि को आरोपी बैंस के खिलाफ यह पोस्टर 12 अप्रैल को लगा देने चाहिए थे। मंगलवार को पुलिस ने मामले में केवल खानापूर्ति की गई थी। वास्तव में शहर में लगेपीड़ित महिला द्वारा खुद विभिन्न इलाकों के सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गये हैं। बात मीडिया में जाने के बाद पुलिस ने इस मामले में अपनी गलता छुपाने के चक्कर में सारा क्रेडिट स्वयं लेती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि महिला को इंसाफ मिलने के बाद कई और पीड़ित महिलाएं उन्हें मदद के लिए संपर्क कर रही है।

# खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताने वाला गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। लुधियाना में खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का OSD बन कर सरकारी दफ्तरों में फोन कर अधिकारियों को कानून से बाहर होकर काम करने के लिए दबाव बनाता था। मामले की जड़ तक पहुंच कर पुलिस ने आज उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ सब रजिस्ट्रार और नायब तहसीलदार की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, ताकि अन्य मामलों का भी खुलासा




हो सके। खुद को मुख्यमंत्री भगवंत मान का OSD बता कर अफसरों को नियमों से उलट जाकर रजिस्ट्री करने का आदेश देने वाले युवक को थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उसके खिलाफ सब रजिस्ट्रार पश्चिमी डॉक्टर विनय बंसल व नायब तहसीलदार गुरप्रीत कौर के बयान पर कार्रवाई की है। आरोपी की पहचान दुगरी के पंजाबी बाग निवासी कर्मजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को डॉक्टर विनय बंसल व गुरप्रीत कौर ने बताया कि अप्रैल में उनकी ड्यूटी पश्चित तहसील में रजिस्ट्रेशन के काम के लिए लगी थी। उक्त आरोपी ने अपने मोबाइल फोन से उन्हें फोन कर कहा कि वह मुख्यमंत्री का OSD बोल रहा है। उनके पास कुछ लोग रजिस्ट्री करवाने के लिए आ रहे हैं। उनकी रजिस्ट्री कर दो यदि उनके कागज पूरे नहीं है तो भी काम कर देना, क्योंकि वह मुख्यमंत्री के खास है।

रेत मामले में सिद्धू का आप पर हमला

# झूठ बोलने में सुखबीर से भी आगे निकले केजरीवाल

लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की सरकार को रेत खनन के मामले में घेरा। सिद्धू ने आप सुप्रीमो पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल तो झूठ बोलने के मामले में सुखबीर से भी आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि दो महीने पहले पंजाब कांग्रेस की सरकार में रेत का रेट 8800 रुपये ट्राली का था। परंतु वर्तमान आप सरकार में रेत का रेट 3 हजार रुपए से 16 हजार हो होने के बावजूद रेत की उपलब्धता नहीं है। सिद्धू ने केजरीवाल को चैलेंज करते हुए कहा कि, जब तक ठेकेदारी खत्म किये बिना 200



करोड़ रुपए निकाल कर दिखाओ। 15 सालों से अकाली और कांग्रेस सरकार मिलाकर 200 करोड़ नहीं निकाल सकीं और आप 20 हजार करोड़ की बात करते हैं। सिद्धू ने कहा कि जब तक आपकी पॉलिसी आएगी, तब तक आप पंजाब को बर्बाद कर देंगे। जब सब कुछ खत्म हो जाएगा, तब क्या कर लेंगे। सिद्धू ने कहा कि आप ने 7 हजार करोड़ रुपए का कर्जा एक महीने में ले लिया। प्रदेश में अराजकता फैली हुई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल वापस पंजाब आएं। पंजाबी भीख नहीं मांगता, शीशे तोड़कर आपके घर में घुस जाएंगे पंजाबी।

तब आप जिम्मेदार होंगे जो पंजाब में झूठ बेच गए। सिद्धू ने कहा कि ये रेत का मसला पंजाब का गंभीर मसला है, सरकारें गिर गईं इस पर। माइनिंग रोक देना इसका हल नहीं है।

## पुलिस खो रही जनता का भरोसा!

कारोबारी शहर लुधियाना को केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी की उपाधि तो दे दी गई लेकिन पिछली सरकारें यहां कि सुविधाएं व प्रशासन को स्मार्ट नहीं बना पाई। जिसके चलते शहर में आये दिन क्राइम बढ़ता जा रहा है नतीजा पुलिस प्रशासन जनता में अपना भरोसा खोता दिखाई दे रहा है। फिर चाहे आये दिन होने वाले लूटपाट के केस हों या दुष्कर्म मामले में पीड़िता को पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस के खिलाफ लगभग डेढ साल लड़ाई लड़ने के बाद इंसाफ का मिलना। कुल मिलाकर हर मोर्चे पर पंजाब की पुलिस आम जनता में अपना आधार खोती नजर आ रही है। मंगलवार को दुष्कर्म मामले में आरोपी सिबरजीत सिंह बैंस के माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा करार देने के लगभग 20 दिन बाद भी पीड़िता द्वारा खुद सार्वजनिक स्थलों पर पोस्चर लगाना इस बात को कहीं न कहीं प्रमाणित करता प्रतीत हो रहा है। सामान्य जनता कहीं न कहीं इस बात को भलीभांति महसूस करते हुए दबी जुबान से कहने से पीछे नहीं हट रही कि वर्तमान समय में कुछ तथाकथित पुलिस अधिकारियों को कारण पूरे की विभाग कार्यशैली सवालों के घेरे में है। शायद यही कारण है कि सच्चाई व इमानदारी से काम करने वाले पुलिस अधिकारियों का या तो तबादला कर दिया जाता है या उनकी बदली कर अनावश्यक पदों पर कर दी जाती है।


संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# शिव सेना हिंदुस्तान के सदस्यों ने की लुधियाना पुलिस कमिश्नर से मुलाकात



लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। शिव सेना हिंदुस्तान का एक शिष्टमंडल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब व राजस्थान कृष्ण शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर लुधियाना से मिला। जिसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पंजाब संजीव देव, संगठन मंत्री पंजाब चंद्र कालड़ा,उपाध्यक्ष पंजाब मनी कुमार, इंडस्ट्रीज सैल के पंजाब अध्यक्ष बॉबी मित्तल, युवा अध्यक्ष पंजाब जसवीर राजू खास तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर जहां शिष्टमंडल ने नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा जी का बुके देकर स्वागत किया। वही पटियाला पिछले दिनों हुए घटनाक्रम के बारे में चर्चा करते हुए पंजाब का माहौल शांत रखने के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। वही उन्होंने असामाजिक तत्वो पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की व वही पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का भी स्वागत किया। जहां पर माननीय पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया कि लुधियाना में किसी को भी माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस अवसर पार्टी नेताओं ने विश्वास दिलवाया की अमन शांति और आपसी भाई चारक सांझ के साथ साथ लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति के लिए शिव सेना हिंदुस्तान अपना पूर्ण सहयोग प्रशासन के साथ करेगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स बेंगलोर में अपनी सेवाएं दे रहे गौरव सचदेवा




लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स द्वारा बेंगलोर में 24 अप्रैल से 3 मई तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंजाब लुधियाना के सैन्सुई गौरव सचदेवा ब्लैक बेल्ट बतौर मुख्य रेफरी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन लुधियाना के वाईस प्रधान हिमेश गोयल ने जानकारी देते हुए कहा कि सैन्सुई गौरव सचदेवा ने पुरे पंजाब का नाम रोशन कर सभी का मान बढ़ाया है और उनकी लग्न और मेहनत के चलते ही आज सैन्सुई जोकि पंजाब के एकमात्र रेफरी तौर पर अंतराष्ट्रीय गेम्स में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल से 3 मई तक कराटे कम्पीटिशन कराये जा रहे है और इसमें सैंसुई गौरव रेफरी तौर पर निर्णायक भूमिका में है।

# श्री गोबिंद गोधाम हंबड़ा रोड़ में अक्षय तृतीय उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। श्री गोबिंद गोधाम हंबड़ा रोड़ में अक्षय तृतीय उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गोधाम प्रांगण में बने श्री राम दरबार व संत तुलसीदास के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। इस अवसर पर जोगिदर पाल जैन पोरस निटिग, हर्ष बाला जैन, राजीव जैन, स्वीटी जैन डीसी जैन, शिवम जैन, मोनू जैन, आशीष जैन, सोनू जैन, चंद्र जैन आदि ने पूजन किया। इस अवसर पर जोगिदर पाल जैन ने कहा कि संस्कृत में अक्षय शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, आनंद, सफलता के अर्थ में कभी कम नहीं होना है। जबकि तृतीय का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। अक्ष्य तृतीय को हिदू कैलेंडर में शुभ दिनों में से एक माना जाता है। अशोक धवन ने कहा कि अक्षय तृतीया उस दिन को याद करती है। जब पांडवों ने निर्वासन में भगवान कृष्ण से एक अक्षय पत्र प्राप्त किया था। इस दौरान गोबिद गोधाम कमेटी सदस्यों ने जोगिदर पाल जैन, हर्षब बाला जैन आदि को सम्मानित किया।

# सुखदेव थापर की जन्म स्थली के सौंदर्यीकरण में हो रही देरी से भड़के दो दर्जन संगठन



लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। शहीद सुखदेव थापर की स्थानीय नौघरा स्थित जन्म स्थली के सौंदर्यीकरण में बिना किसी कारण हो रही देरी व चौड़ा बाजार से सीधा रास्ता देने में सरकारी स्तर पर जानबूझ कर अड़चने खड़ी करने के मामले पर विचार चर्चा के लिए पंचायत एकित्रत हुई। संगला वाला शिवालय के महंत नारायण पुरी जी के मार्ग दर्शन व शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष व शहीद सुखदेव के वंशज अशोक थापर की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत में दो दर्जन से ज्यादा देश भक्त संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। समूह संगठनो के प्रतिनिधियो ने प्रस्ताव पारित कर समय-समय की सरकारों की तरफ से शहीद की जन्म स्थली के साथ सौतेले व्यव्हार की कड़े शब्दों में निंदा कर बुधवार,4 मई से प्रतिदिन क्रमवार भूख हड़ताल शुरु करने की घोषणा की। अशोक थापर ने बताया कि जब नगर निगम ने जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण का कार्य शुरु किया था तब शहीद सुखदेव जी के 15 मई को आयोजित होने वाले जन्म दिवस से 15 दिन पूर्व ही सौंदर्यकर्ण का कार्य पूरा करने की अंतिम तारीख तय की थी। अब जैसे-जैसे 15 मई नजदीक आती जी रही है।

जन्मदिन मुबारक



उपासना बोहरा | सुरिंदर सिंह चौहान | सैम रंधावा | अर्नव मित्तल

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads





0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# अक्षय तृतीया पर लोगों ने की जमकर खरीदारी









लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर देश भर की तरह महानगर के लोगों ने भी जमकर खरीदारी की। मंगलवार को शहर भर के ज्वैलर्स व अभूषण विक्रेताओं की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। कॉलेज रोड स्थित ली खन्ना ज्वैलर पर ग्राहक परिवार संग अभूषणों की खरीदारी करते नजर आये। ली खन्ना ज्वैलर के मालिक मीनूपाल खन्ना ने बताया कि अक्षय तृतीया का खास महत्वरहता है इसलिए लोग इस दिन आभूषणों की खरीदारी करते हैं। शहर के अन्य ज्वैलर दुकानों पर इसी प्रकार भीड़ दिखी।

तीसरी पुण्यतिथि

स्व. श्री सुदर्शन कुमार बेरी



आपने सबको दिया दुलार,
आपकी स्मृतियां हैं अब आधार।
आपके कर्म प्रेरणा हैं हमारी,
आपका व्यवहार है हमारा सूत्राधार।

आज उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को शांति दें।

आपकी याद में हमेशा

Vinay & Suchi Beri — Son & Daughter-in-Law
Sanjeev & Vinita Beri — Son & Daughter-in-Law
Saksham, Aayush, Pratham & Suhani — Grandchildren

BERRY MARBLES PVT. LTD., Ludhiana
BERRY MARBLE INDUSTRIES PVT. LTD., Kishangarh
BHIM SAIN SUDERSHAN KUMAR, Ludhiana

# डीजीसीए ने स्पाइसजेट के पूरे बेड़े का निरीक्षण शुरू किया

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत के विमानन नियामक 'नागर विमानन महानिदेशालय' (डीजीसीए) ने घोषणा की है कि वह स्पाइसजेट के मुंबई-दुर्गापुर के बीच उड़ान भरने वाले विमान के उतरते समय ट्ब्युलेंस की चपेट में आने से 17 लोगों के घायल होने की घटना के बाद विमानन कंपनी के पूरे बेड़े का निरीक्षण कर रहा है। रविवार को हुई इस घटना के समय विमान में दो पायलट और चार क्रू मेंबर समेत 195 लोग सवार थे। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घटना पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे मामले को बहुत गंभीरता और तत्परता से लिया गया है। डीजीसीए ने जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बना दी है। जांच पूरी होने पर घटना के कारणों व निष्कर्षो को संबंधित लोगों से साझा किया जाएगा। डीजीसीए ने बताया कि जांच लंबित रहने तक विमान के चालक दल, विमान रखरखाव इंजीनियर (एएमई) और स्पाइसजेट रखरखाव नियंत्रण केंद्र के प्रभारी को रोस्टर से हटा लिया है। डीजीसीए ने कहा कि रविवार को जिस विमान के साथ घटना घटी थी, उसे कोलकाता में खड़ा किया गया है। स्पाइसजेट के बाकी विमान परिचालन में हैं। स्पाइसजेट की वेबसाइट के




अनुसार इसके बेड़े में 91 विमान हैं। डीजीसीए के अनुसार मुंबई से दुर्गापुर के लिए रविवार को उड़ान भरने वाला विमान उतरने के दौरान ट्ब्युलेंस (गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ) की चपेट में आ गया था। इसके चलते 14 यात्री और तीन विमानकर्मी घायल हो गए थे। बयान में कहा गया है कि दो यात्री इस समय आइसीयू में हैं जिनमें से एक के सिर में चोट लगी है और दूसरे को रीढ़ की हड्डी में चोट आई है। एएनआइ के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि घटना के समय बोइंग बी737 विमान आटो पायलट मोड में था। डीजीसीए की रिपोर्ट में कहा गया कि ट्ब्युलेंस के दौरान, आटो पायलट मोड दो मिनट के लिए बंद हो गया तब चालक दल ने मैन्युअल रूप से विमान को उड़ाया। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा कि मुंबई-दुर्गापुर उड़ान में रविवार को हादसे के समय सीट बेल्ट साइन चालू था और चालक दल के सदस्यों की ओर से यात्रियों को सीट पर बैठे रहने कई घोषणाएं की गई थीं। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि एक मई को मुंबई से दुर्गापुर जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-945 पर यात्रा करने वाले 11 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिन्हें उतरने के दौरान ट्ब्युलेंस का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप कुछ यात्रियों को चोटें आईं। स्पाइसजेट प्रवक्ता के मुताबिक अस्पताल में भर्ती आठ लोगों को छुट्टी दे दी गई है। कंपनी घायल लोगों की हर संभव मदद कर रही है। प्रवक्ता ने बताया कि विमान के दुर्गापुर में उतरने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि स्पाइसजेट इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर खेद व्यक्त करता है और वह घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रहा है।

# अडाणी विल्मर के नेट प्रॉफिट में 26% की गिरावट, YoY रेवेन्यू में 40% का इजाफा

मुंबई / यूटर्नः अडाणी विल्मर ने 31 मार्च को खत्म तिमाही के नतीजे घोषित किए। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 25.62% कम होकर 234.29 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में ये 315 करोड़ रुपए था।

ऑपरेशनल रेवेन्यू 40.18% बढ़कर 14,960.37 करोड़ रुपए हो गए। एक साल पहले की तिमाही में यह 10,672.34 करोड़ रुपए थे। अडाणी विल्मर का शेयर फरवरी 2022 में लिस्ट हुआ था। कंपनी के शेयरों में हाल के महीनों में कई गुना तेजी आई है क्योंकि निवेशकों का मानना है कि खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनी को फायदा होगा। हा लांकि, कंपनी के रिजल्ट कुछ लोगों के लिए निराशाजनक हो सकते हैं। कंपनी के शेयर ने लिस्ट होने के बाद से करीब

## फूड और एफएमसीजी सेगमेंट ने किया डबल डिजिट ग्रोथ

अडाणी विल्मर के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अंगशु मलिक ने कहा, 'फूड और एफएमसीजी सेगमेंट ने डबल डिजिट ग्रोथ दर्ज की। हमने एडिबल ऑयल और फूड कैटेगरीज में अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार करना जारी रखा है। हम अपने ब्रांड, डिस्ट्रीब्यूशन, सोर्सिंग और मैन्युफैक्चरिंग कैपेबिलिटीज में निवेश करना जारी रखेंगे। आगे हम फूड स्पेस में इनऑर्गेनिक ग्रोथ और स्टैटजिक इन्वेस्टमेंट पर ज्यादा फोकस करेंगे।'




180% का रिटर्न दिया है। सोमवार के ये 3.70% गिरकर 751.50 पर बंद हुए। कंपनी ने कहा कि मार्च तिमाही में उसका ओवरऑल सेल्स वॉल्यूम 1.29 MMT (मिलियन मीट्रिक टन) रहा। पिछली तिमाही से ये 16% ज्यादा है।

फूड एंड FMCG व र्टिकल सेल वॉल्यूम 0.18 MMT रहा, जो कि QoQ 33% की बढ़ोतरी है। कंपनी ने ये भी बताया कि रूस-यूक्रेन जंग के कारण सनफ्लावर ऑयल की खपत में 50% की कमी आई है। भारत ने अब अर्जेंटीना, रूस और तुर्की जैसे देशों से सनफ्लावर ऑयल का आयात करना शुरू किया है।

# ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री ने अप्रैल में देश के 90% रूट्स पर बढ़ाया माल भाड़ा

## डीजल की बढ़ती कीमत बताई वजह

नई दिल्ली मुंबई / यूटर्नः डीजल के दाम बढ़ने का असर माल भाड़े पर दिखाई देने लगा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रिसर्च के



मुताबिक, ट्रांसपोर्टर्स ने इसका बोझ सीधा उपभोक्ताओं पर डालते हुए माल भाड़ा बढ़ाना शुरू कर दिया है। देश के 159 ट्रांसपोर्ट रूट्स में से 143 (90%) रूट्स पर माल भाड़ा बढ़ा दिया गया है। हालांकि, इस दौरान ट्रकों का संचालन स्थिर रहा। मालभाड़ा बढ़ने से क्रिसिल रिसर्च का पैन इंडिया फ्रेट इंडेक्स अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 129 पर पहुंच गया है। अक्टूबर 2020 के बेस स्तर से यह 29 अंक ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, माल भाड़े में बढ़ोतरी के बावजूद ट्रांसपोर्टर्स के फ्री कैश फ्लो में 200 आधार अंकों की कमी आई है। सभी कमोडिटी के माल भाड़े में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एफएमसीजी यानी तेजी से बिकने वाले सामान, खुले सामान और खनिज के माल भाड़े में दोहरे अंकों की बढ़ोतरी देखने को मिली, जबकि पेट्रोलियम, स्टील और कपड़ों में यह एक अंक में रही।

# पाहवा होंगे पंजाब यूनिवर्सिटी उद्योग रतन से सम्मानित



लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। एवन साइकिल के सीएमडी ओंकार सिंह पाहवा पंजाब यूनिवर्सिटी के एनुअल कॉन्वोकेशन के दौरान उद्योग रतन अवार्ड से सम्मानित किये जाएंगे। यह अवार्ड 6 मई को पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित 69वीं कॉन्वोकेशन समारोह के दौरान देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित व पंजाब व हरियाणा के मुख्यमंत्री के समक्ष दिया जाएगा। पाहवा के अलावा भारत बायोटेक के सीएमडी डॉ. कृष्णा इला, प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर अजय कुमार सूद व भारत बायोटेक की जेएमडी सुचिता इला को डॉक्टरेट उपाधि, जबकि एनसीईआरटी दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर जेएस राजपूत को ज्ञानरत्न, आयुश सचिव विद्या राजेश कोटेचा को ज्ञानरत्न, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल को खेलरत्न, सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब, बठिंडा के चांसलर प्रो. जसवीर सिंह को साहित्य रत्न, थांकपा पेंटिंग आर्ट के लिए खांडु वांगचुक भुटिया को कला रत्न अवार्ड से मनोनीत किया जाएगा। पाहवा को अवार्ड मिलने की खुशी में यूसीपीएमए के प्रधान डीएस चावला, सुरिंदर चौहान, हरसिमर जीत सिंह लक्की, जतिंदर मित्तल व अन्य ने उन्हें फूल भेंटकर खुशी जताई।

# ढाई लाख करोड़ हो सकती है फर्टिलाइजर पर सब्सिडीः केंद्र

नई दिल्ली / यूटर्नः केंद्र ने सोमवार को जोर देकर कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान फर्टिलाइजर की उपलब्धता अनुमानित मांग से अधिक है। सरकार ने यह भी कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में फर्टिलाइजर सब्सिडी बढ़कर लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये हो सकती है। केंद्र ने आगे कहा कि मिट्टी में डाले जाने वाले पोषक तत्वों की जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उसने राज्यों से फर्टिलाइजर की आवाजाही पर नजर रखने को कहा है। केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वह किसानों को सही जानकारी दें, जिससे उन्हें उर्वरक की उपलब्धता को लेकर कोई संदेह नहीं हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने संयुक्त रूप से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के




साथ उर्वरकों की स्थिति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मांडविया ने कहा कि यूरिया, डीएपी और एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर कोई दिक्कत नहीं है और मौजूदा समय में मांग के सापेक्ष आपूर्ति के लिए अधिक स्टाक है। उन्होंने कहा कि महामारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद केंद्र सब्सिडी बढ़ाकर उर्वरकों की कीमत कम रखने में सफल रहा है।

## इस साल किसानों को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी

मांडविया ने कहा कि इस साल किसानों को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। ऐसे में हमें ऐसी योजना बनानी चाहिए, जिससे जमीनी स्तर पर संतुलित तरीके से उर्वरकों का इस्तेमाल सुनिश्चित हो सके महामारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, मंडाविया ने कहा कि केंद्र ने सब्सिडी बढ़ाकर उर्वरक की कीमतें सस्ती रखने में कामयाबी हासिल की है ताकि किसानों को नुकसान न हो।

# नियोबैंक प्लेटफार्म 'ओपेन' का वैल्यूएशन एक अरब डालर हुआ

नई दिल्ली / यूटर्नः बेंगलुरु स्थित नियोबैंक प्लेटफार्म 'ओपेन' 100वां यूनिकार्न बन गया है। नए सिरे से फंडिंग जुटाने के बाद कंपनी का वैल्यूएशन एक अरब डालर को पार कर गया है। एक अरब डालर के वैल्यूएशन वाले स्टार्टअप को यूनिकार्न माना जाता है। ओपेन के को-फाउंडर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनीश अच्युतन ने कहा कि हाल ही में कंपनी में आइआइएफएल के नेतृत्व में मौजूदा निवेशक टाइगर ग्लोबल, टेमसेक और थ्रीवनफोर कैपिटल ने भी निवेश किया है। उन्होंने कहा कि देश में 20 लाख से अधिक व्यवसायों द्वारा नियोबैंक प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है और यह प्रत्येक साल 30 अरब डालर का ट्रांजेक्शन कर रहा है। बेंगलुरु स्थित



प्रबंधन परामर्श फर्म रेडसीर के मुताबिक नियोबैंक पारंपरिक बैंकों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं और डिजिटल युग में ग्राहकों की अपेक्षाओं के बीच खाई को पाट रहे हैं। ओपेन अब तक विभिन्न निवेशकों से लगभग 18.7 करोड़ डालर जुटा चुका है। वेंचर इंटेलिजेंस के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय स्टार्टअप ने 2022 की पहली तिमाही के दौरान 10 अरब डालर से अधिक जुटाए हैं जो 2021 की इसी समयावधि के 5.7 अरब डालर से बहुत अधिक है। जनवरी से मार्च के दौरान 14 स्टार्टअप यूनिकार्न बने हैं। नियो बैंक का कामकाज 100 प्रतिशत डिजिटल होता है। इसकी कोई ब्रांच नहीं होती है। हर काम एप के जरिये होता है। नियो बैंक हर ऐसी बैंकिंग सुविधाएं देते हैं जो परंपरागत बैंक में मिलती है। भारत में करीब एक दर्जन नियो बैंक हैं। इनमें रेजरपेएक्स, ओपन, नियो शामिल हैं। भारत में अभी तक भारतीय रिजर्व बैंक ने नियो बैंक को लाइसेंस नहीं दिया है। इस वजह से ये बैंक परंपरागत बैंकों के साथ मिलकर बैंकिंग सेवाएं देते हैं।

# अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी सस्ता

नई दिल्ली / यूटर्नः आज अक्षय तृतीया का त्योहार है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना खरीदने से भविष्य में समृद्धि और अधिक धन की प्राप्ति होती है। ऐसे में अगर आप आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके पास बेहतरीन मौका है। दरअसल, इस मौके पर दोनों कीमती धातुओं के दाम में भारी गिरावट आई है। मंगलवार को एमसीएक्स पर जहां सोने की कीमत 2.13 फीसदी घटकर 50,650 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गई, तो वहीं चांदी के दाम में भी 2.14 फीसदी की जोरदार गिरावट आई है और इसका भाव कम होकर 62,970 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। बता दें कि अक्षय तृतीया हिंदुओं का एक अत्यंत शुभ त्योहार माना जाता है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख के महीने में शुक्ल पक्ष



तृतीया के दौरान आता है। दोनों शब्द - अक्षय और तृतीया संस्कृत से आते हैं। यहां अक्षय का अर्थ है शाश्वत, कभी न कम होने वाली खुशी, सफलता और आनंद की भावना, और तृतीया का अर्थ है तीसरा। इस साल अपने नाम के अनुरूप यह तीन मई को पड़ी है। मुहूर्त 3 मई को सुबह 5.39 बजे शुरू हुआ है और 4 मई को सुबह 5.38 बजे समाप्त होगा। बहुत से लोग सोने को सिक्के, बार और आभूषण के रूप में खरीदते हैं जबकि अन्य इसे डिजिटल रूप से खरीदते हैं।

# भगवान परशुराम की प्रतिमा का किया अनावरण

लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। विधायक राजिंदरपाल कौर छिना, कुलवंत सिंह सिद्धू व अशोक पाराशर पप्पी की मौजूदगी में प्रतिमा का उद्घाटन लुधियाना में मंगलवार को ढोलेवाल में भगवान परशुराम की प्रतिमा का विमोचन आम आदमी पार्टी के विधायकों ने किया। जिला स्तरीय समारोह में शहर के कई गणमान्य पहुंचे। गणमान्यों ने भगवान परशुराम का गुणगान किया और आरती की। समारोह में शहर के विधायक राजिन्द्रपाल कौर छीना, अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह आदि ने आशीर्वाद लिया। विधायकों ने कहा कि हमें हर धर्म, हर जात का सम्मान करना चाहिए। समारोह में पहुंचे विधायक अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह सिद्धू और विधायक राजिन्द्रपाल कौर छीना ने पूजा अर्चना



करवाई। राजिन्द्रपाल कौर छीना ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार



लोगों की सरकार है। लोगों की सरकार में हर धर्म एक बराबर है। सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है। विधायकों ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करवा दी गई है। अब श्री परशुराम ज्ञान वाटिका यहां का रख-रखाव और संभाल करेगी। संस्था को जो भी सरकारी मदद चाहिए, वह सरकार देगी। समय समय पर हर तरह की मदद सरकार इस प्रतिमा की संभाल के लिए करेगी। समारोह में पहुंचे गणमान्यों को सम्मानित किया गया।

# युवक टुकड़ों में काट फेंकने वाले को पुलिस ने दबोचा

लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। लुधियाना में चंद पैसों के लालच में एक युवक ने दूसरे युवक को टुकड़ों में काट दिया। आरोपी ने युवक को टुकड़ों में काट कर उसे बोरियों में भरा और शहर के अलग-अलग नहरों और नालों में फेंक दिया। मरने वाले युवक के परिजनों को जब इस वारदात का पता चला तो उन्होंने थाना में शिकायत दर्ज करवाई और युवक को भी पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस के पास अब बड़ा सवाल यह था कि टुकड़ों में विभाजित हुए अंगों को कैसे एकत्रित किया जाए। इस मामले में पुलिस को भी काफी कसरत करनी पड़ी। अखिरकार थाना टिब्बा की पुलिस ने इस मामले को हल कर लिया और काफी हद तक मरने वाले के अंगों को भी बरामद कर लिया। यह जानकारी



जिला लुधियाना के पुलिस कमिश्नर डॉ. कौस्तुभ शर्मा ने दी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया। अलग-अलग जगहों से मरने वाले के जो टुकड़े पुलिस को बरामद हुए हैं, उनकी DNA रिपोर्ट तैयार करवाई जा रही है। आरोपी ने कत्ल करते समय जो कमीज पहनी थी, उस पर लगे खून के धब्बों से भी टुकड़ों के खून को मैच किया जा रहा है।

# पुलिस ने दड़ा-सट्टा लगा रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया



लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। पुलिस की सीआइए-1 टीम ने तीन जगहों पर कार्रवाई करते हुए दड़ा-सट्टा लगा रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे 10 हजार रुपये की नगदी बरामद हुई। आरोपितों के खिलाफ तीन थानों में केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है। पहले मामले में पुलिस ने बस स्टैंड के यमला जट पार्क के पास दबिश देकर तीन लोगों को चार हजार रुपये की नगदी समेत गिरफ्तार किया। उनकी पहचान हैबोवाल के दुर्गा पुरी निवासी रूपेश खन्ना उर्फ लवली, जवाहर नगर कैंप निवासी टीटू तथा अब्दुल्ला पुर बस्ती के फौजी मोहल्ला निवासी नरेश कुमार उर्फ नेशा के रूप में हुई। दूसरे मामले में पुलिस ने सिविल अस्पताल के सामने दबिश देकर तीन लोगों को 3500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। उनकी पहचान शिवाजी नगर निवासी अमरजीत सिंह उर्फ प्रिस, मिलरगंज स्थित प्रेम नगर निवासी टिकू तथा कोट आलमगीर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ बंटी के रूप में हुई। तीसरे मामले में पुलिस ने गोपाल नगर इलाके में दबिश देकर एक व्यक्ति को 2500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के रथ निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। चन्द्र नगर जगन्नाथ पुरम स्थित, श्री जगन्नाथ मंदिर समिति की ओर से अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान जगन्नाथ जी के रथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम पुजारी पंचानन पाढ़ी व राजिद्रवृत शास्त्री, पंडित राकेश ने मंत्रोउच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया। इस अवसर पर हवन यज्ञ में मुख्य यजमान दिनेश जिदल, रितु जिदल व मंदिर समिति के सदस्यों ने हवन में आहुतिया डाली। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी के रथ में प्रयुक्त होने वाली लकड़ी को टक लगाया। समारोह में विवेक निष्काम आश्रम प्रीतम नगर के स्वामी विवेक देव व स्वामी निष्काम देव ने भक्तो को



आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, विधायक पुत्र अमन बग्गा, पार्षद राशि अग्रवाल, पूनम मल्होत्रा, राकी भाटिया, पार्षद पति बलजिदर संधू, भाजपा नेता नरेंद्र मल्ली, कल्याण भगत, क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह सेवा दल से सरवन अत्री, मीनू मल्होत्रा, दीपक बजाज, वरुण, आलोक भुइयां, निधि भुइयां, हरजिदर सिंह सचदेवा आदि ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सूरज प्रधान ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान जगन्नाथ जी के रथ में प्रयुक्त होने वाली लकड़ी को टक लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार पारम्परिक भगवान जगन्नाथ रथयात्रा एक जुलाई की है इस अवसर पर पंडित विष्णु चरण महापात्र,पूर्ण चंद सवाई, धनुधर राउत, लखविंदर बेहरा, नकुल नायक, विक्रम भुइयां, अरुण परीजा, विभूति लेंका ऋषिकेश वाले, सचिदानंद दास, भरत बेहरा, संजय मलिक आदि उपस्थित थे।

## श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में अक्षय तृतीया पर मूर्ति प्रतिष्ठा दिवस प.राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दिन मंदिर में लक्ष्मी-नारायण एवं शिव परिवार की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा पूर्वक स्थापना हुई थी। प्रातःकाल महाराज जी की आज्ञा लेकर लक्ष्मी-नारायण जी एवं शिव-परिवार जी का आचार्य सोहन वेदपाठी जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन कराया गया। उसके बाद ब्राह्मण भोजन के बाद सभी भक्तों को बैठकर श्री महाराज जी का भंडारा खिलाया गया। इस अवसर पर ललित शर्मा, बलविंदर गुप्ता, काले खान, पं. गोपाल शर्मा, प.रघबीर शर्मा, प.नंदलाल शर्मा, दीपू मिगलानी, विशाल अरोड़ा, केशव जोशी, अमित गुगलानी, सुरिंदर अरोड़ा, संगीत गंभीर, परवीन गुप्ता, हर्ष मोहन, मनीष वसिष्ठ, हिमांशु मिगलानी आदि उपस्थित हुए।

## शिवराज सेना की विशेष मीटिंग का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। मंगलवार को सर्किट हाउस लुधियाना में शिवराज सेना की विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया। जिस में शिवराज सेना के राष्ट्रीय संचालक रमेश भगत और भी वरिष्ठ जन जैसे पंजाब के चेयरमैन रवि पंडित जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अश्वनी सागी जी परविंदर बांगा जी और रामलाल चंगोत्रा जी मौजूद रहे और अनीता जी को महिला मोर्चा लुधियाना शिवराज सेना अध्यक्ष नियुक्त किया गया। और सुरिंदर सिंह को पंजाब सचिव नियुक्त किया गया।

## 30 वर्षों से सेवाएं दे रहा के.सी. परिवार: राकेश जैन

लुधियाना / यूटर्न / 3 मई। भगवान महावीर सेवा संस्थान की ओर से एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा संचालित सभी चैरिटेबल डिस्पेंसरी सुंदर नगर, नूरवाला रोड, हैबोवाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जैन डिस्पेंसरी, हैबोवाल से डॉक्टर हिमानी शर्मा की देखरेख मे किया गया। यह कैंप लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति, सूश्रावक स्वर्गीय श्री कल्याण चंद जैन { श्री शांतिलाल, कल्याण चंद जैन, रवीश जैन के सी निटर्स परिवार} जी की प्रथम पुण्य स्मृति पर आयोजित किया जा रहा है। कैंप के संयोजक :भगवान महावीर सेवा संस्थान संस्थापक अध्यक्ष ने बताया इस कैंप में निशुल्क चेकअप, निशुल्क बीपी चेक अप, निशुल्क शुगर चेकअप, निशुल्क दवाइयां आदि की



व्यवस्था के अंतर्गत 230 मरीजों ने कैंप का लाभ उठाया। राकेश जैन ने स्वर्गीय श्री कल्याण चंद जैन जी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कल्याण चंद जैन जी हमारे साथ पिछले 30 वर्षों से हमारे परिवारिक एवं सामाजिक सरोकार में अपना बहुमूल्य योगदान देते रहे हैं। आज इस परिवार के बेटे रवीश जैन ने भी अपनी माता जी की प्रेरणा से और पत्नी के सहयोग से आज के मानव सेवा कार्य का लाभ लेकर अपने स्वर्गीय पिता को श्रद्धांजलि तो अर्पित की है।

# जामा मस्जिद सहित शहर भर में अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

## मरहूम पूर्व शाही इमाम मौलाना हबीब उर रहमान के लिए करवाई गई विशेष दुआ









लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। मंगलवार फील्डगंज चौंक में स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद सहित शहर की सभी मस्जिदों में लाखों मुस्लमानों ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। शाही इमाम पंजाब मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी की अगुवाई में नमाज अदा करने से पहले जामा मस्जिद में भाईचारक परंपरा के अनुसार सभी धर्मो से संबंध रखने वाले सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने अपने मुस्लमान भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर बीती 10 सितंबर को दुनिया से रुखसत हुए मरहूम पूर्व शाही इमाम पंजाब मौलाना हबीब उर रहमान सानी लुधियानवी को याद करते हुए उनके लिए विशेष दुआ करवाई गई। इस अवसर पर संबोधन करते हुए शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा कि ईद का दिन अल्लाह की तरफ से रोजा रखने वालों के लिए इनाम का दिन है, उन्होने कहा कि रमजान मुबारक में इंसान को नेकी करने की आदत पड़ जाती है जो कि सारा साल समाज में अच्छाई फैलाने में मदद करती है। शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा ईद का दिन गिला शिकवा दूर करके एक दूजे से गले मिलने का दिन है, ईद रंजिशों को खत्म करके मुहब्बत का संदेश देती है। शाही इमाम ने पंजाब के मौजूदा हालात पर कहा कि सर्व धर्मों के लोगों को आपसी भाईचारा बना कर रखना चाहिए। -फोटोः विशाल ढल्ल

# फिक्की एफएलओ की ओर से 'करतारपुर साहिब' दर्शन के लिए यात्रा का आयोजन
















लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। लुधियाना फिक्की एफएलओ की ओर से चेयरपर्सन नेहा गुप्ता के नेतृत्व में 'करतारपुर साहिब' में एक डे ट्रिप का आयोजन किया गया। बता दें कि भारत पाक सीमा पर अब पाकिस्तान में स्थित करतारपुर साहिब है वह पवित्र स्थान है जहाँ सिख धर्म के संस्थापक 'श्री गुरु नानक देव जी' ने अपने अंतिम वर्ष बिताए। यह अब श्री गुरु नानक देव का अंतिम विश्राम स्थल भी है। माना जाता है कि श्री गुरु नानक देव जी ने जपुजी साहब सहित करतारपुर साहिब में सिखों के पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब के कई भजनों की रचना की थी। -फोटो: विशाल ढल्ल

## 40 के बाद आंखों के चश्मों को कहे अलविदा: डॉक्टर सिमी

राजकुमार शर्मा

लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। लुधियाना 40 की उम्र के बाद आम तौर पर लोगो को पास का एवं दूर का देखने मे कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। परंतु अब आप भी इस समस्या से निजात पा सकते है। जिस के लिए आप लुधियाना गिल रोड में अम्बे आई केयर एंड लैसिक सेंटर लुधियाना मे डाक्टर सिमी मिन्हास से परामर्श लेकर अपनी आंखों के चश्मों को करे अलविदा कह पाने में डॉक्टर सिमी मिन्हास आपकी मदद करे। उन्होंने बताया कि प्रेसबायोपिया एक अपवर्तक त्रुटि है जो उम्र के साथ आती है। दृश्य स्थिति 40 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग सभी को प्रभावित करती है। प्रेसबायोपिया से




समाचार पत्रों जैसे अच्छे प्रिंटों को पढ़ना मुश्किल हो जाता है, और आप उन्हें स्पष्ट रूप से पढ़ने में सक्षम होने के लिए उनसे दूरी बनाना शुरू कर देते हैं। प्रेसबाउंड लेजर ब्लेंडेड विजन प्रेसबायोपिया के लिए शारीरिक रूप से अनुकूलित लेजर उपचार का एक नया विकल्प है।

## विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल ने मुस्लिम समुदाय को दी ईद की बधाई

लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। निर्वाचन क्षेत्र लुधियाना पूर्व विधायक एस. दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) स्थानीय दाना मंडी जालंधर बाइपास पर पहुंचे और मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-फितर के मौके पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक भोला ने कहा कि कुछ शरारती तत्व राज्य में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इसके विपरीत लुधियाना वासियों के दिलों में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार की जीत में मुस्लिम समुदाय की अहम भूमिका रही है। खासकर इस विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्वी क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोग चट्टान की तरह



उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार सभी धर्मों का पूरा सम्मान करती है और बिना किसी भेदभाव के हर गली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक भोला ने निवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन पर विश्वास दिखाया है और अब वे शहर के लोगों के कल्याण के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग किसी भी तरह की परेशानी होने पर उनसे संपर्क कर सकते हैं और वह 24 घंटे आम जनता की सेवा के लिए तैयार हैं।

## कांग्रेसियों ने राजिंदरपाल कौर छीना व उनके समर्थकों के खिलाफ की शिकायत

लुधियाना / यूटर्न/ 3 मई। लुधियाना में कांग्रेस मेयर बलकार संधू की अगुआई में कांग्रेसी पार्षद पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंचे। उन्होंने हलका दक्षिणी से आप विधायक रजिंदर पाल कौर छीना और उनके समर्थकों के खिलाफ शिकायत देते तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर इस मामले पर विधायिका रजिंदर कौर ने सभी आरोपों को नकारते हुआ साफ कहा कि दफ्तर में महिलाओं से एक हजार रुपये पेंशन के फॉर्म भरवाए जा रहे थे। जिन्हें देखने के बाद वह रूकी थी। उन्होंने इस मामले की तुरंत जानकारी डाबा पुलिस को दी थी। पुलिस ने दफ्तर में



जाकर जांच की थी, वह खुद अंदर नहीं गई है। लोगों को भ्रमित कर पेंशन का खेल खेला जा रहा है। मेयर बलकार संधू ने बताया कि 26 अप्रैल को जतिदंर सिंह छिंदा अपने कुछ साथियों के साथ डिप्टी मेयर के दफ्तर में दाखिल हो गया था। वहां से डिप्टी मेयर की मोहर, लेटर हेड सहित कुछ सरकारी दस्तावेज चोरी कर ले गया था। अगले ही दिन आप विधायिका रजिंदर कौर छीना अपने साथियों सहित बिना किसी इज्जात डिप्टी मेयर दफ्तर में पहुंच गई और वहां जमकर हंगामा किया। डिप्टी मेयर सर्वजीत कौर ने बताया कि 27 अप्रैल को डाबा थाना और 28 अप्रैल को ज्वाइंट कमिश्नर के पास लिखित शिकायत दे चुके है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इस मौके पर कांग्रेस जिला प्रधान अश्वनी शर्मा, सीनियर डिप्टी मेयर शाम सुंदर मल्होत्रा, हलका इंचार्ज ईश्वर जोत चीमा, ब्लाक प्रधान जरनैल सिंह, आल पार्टी पार्षद बलजिदंर सिंह बंटी, हरकिरन सिंह वैद्य, सुखदेव सिंह शीरा, गुरुमुख सिंह, रवनीत सिंह, गुरदीप सिंह नीटू, बलजिंदर सिंह संधू सहित कई लोग मौजूद थे।

## अप्रैल में निर्यात बढ़ा, 38 अरब डॉलर के पार पहुंचा आंकड़ा

नई दिल्ली / यूटर्नः नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत अप्रैल में 38.19 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात के साथ हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन क्षेत्र की बदौलत निर्यात में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। भारत ने अप्रैल 2022 में 38.19 अरब डॉलर का निर्यात किया है, जो अप्रैल 2021 में 30.75 अरब डॉलर से 24.22% अधिक है। अप्रैल 2022 में गैर-पेट्रोलियम निर्यात का मूल्य 30.46 अरब डालर था, जिसमें अप्रैल 2021 में 27.12 अरब डालर के गैर-पेट्रोलियम निर्यात पर 12.32% की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। कामर्स मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयात 26.55 प्रतिशत बढ़कर 58.26 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल 2022 में व्यापार घाटा बढ़कर 20.07 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 15.29 बिलियन डॉलर था। अप्रैल 2022 में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात का मूल्य 27.16 अरब डॉलर था, जो अप्रैल 2021 में 23.74 अरब डॉलर के गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात में 14.38% की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। पेट्रोलियम उत्पादों (113.21%), इलेक्ट्रॉनिक सामान (64.04%) और रसायन (26.71%) के कारण अप्रैल, 2022 के दौरान निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज हुई।

## स्वास्थ्य

### मुंह की बदबू के कारण झेलनी पड़ रही शर्मिंदगी? घरेलू माउथवॉश का करें इस्तेमाल

कई लोगों के मुंह से बदबू आती है। इसकी वजह से काफी शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे पेट साफ ना होना, सही से ब्रश न करना, दांतों का सड़ना आदि। मुंह से आने वाली बदबू को मेडिकल भाषा में हेलिटोसिस कहते हैं। मुंह में पनपने वाले बैक्टीरिया से बदबू आती है। ऐसे में हम में से अधिकांश लोग माउथवॉश का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाजार में मिलने वाले माउथवॉश में अल्कोहल होता है जिससे मुंह सूखने लगता है। ऐसे में आप घर पर नेचुरल तरीके से माउथवॉश बना सकते हैं। इससे आपको कोई नुकसान भी नहीं पहुंचेगा और मुंह से आने वाली बदबू भी दूर होगी। आई जानते हैं कि आप नेचुरल माउथवॉश कैसे बना सकते हैं –

**दालचीनी और लौंग**

अगर आप मुंह की बदबू से परेशान है तो दालचीनी और लौंग से माउथवॉश बना सकते हैं। इसके लिए एक कप पानी में दालचीनी के तेल और लौंग के तेल की 10 से 15 बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस माउथवॉश के इस्तेमाल से मुंह की बदबू दूर होगी और साथ ही दांत के दर्द से भी राहत मिलेगी।


**बेकिंग सोडा और नमक**

मुंह की बदबू दूर करने के लिए बेकिंग सोडा भी बहुत फायदेमंद है। इसका माउथ वाश बनाने के लिए आधे गिलास पानी में आधा चम्मच बेकिंग सोडा और आधा चम्मच नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण से अपने दांतो को साफ करें। इससे आपके मुंह में पनप रहे बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद मिलेगी। मुंह की बदबू और मुंह के छालों को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा बहुत फायदेमंद है।

**नींबू और पानी**

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं जो मुंह में बन रहे बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होते हैं जो सांसों की बदबू को कम करने में मदद करता है। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में एक नींबू का रस मिला लें। अब इसे अपने मुंह में भरकर 30 सेकंड तक कुल्ला करें।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम ब्राह्मणों के कुल गुरु हैं



भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का पांचवां अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को प्रदोषकाल के समय हुआ था। पौराणिक ग्रंथों में बताया गया है कि पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पांचवें पुत्र का नाम 'राम' ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्न करके उनके दिव्य अस्त्र 'परशु' प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार होने के साथ ही ब्राह्मण जाति के कुल गुरु भी हैं इसलिए इनकी जयंती देशभर में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है।

**भगवान परशुराम के बाल्यकाल से जुड़ी महत्वपूर्ण घटना**

भगवान परशुराम अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से इनकी माता की स्थिति यथावत हो गई। दरअसल कथाओं के अनुसार हुआ यह था कि एक बार माता रेणुका स्नान के लिए नदी किनारे गई, संयोग से वहीं पर राजा चित्ररथ भी स्नान करने आया था, राजा चित्ररथ सुंदर और आकर्षक था। राजा को देखकर रेणुका भी आसक्त हो गई, किंतु ऋषि जमदग्नि ने अपने योगबल से अपनी पत्नी के इस आचरण को जान लिया। उन्होंने आवेशित होकर अपने पांचों पुत्रों को अपनी मां का सिर काटने का आदेश दिया। किंतु परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों ने मां के स्नेह के बंधकर वध करने से इंकार कर दिया, लेकिन परशुराम ने पिता के आदेश पर अपनी मां का सिर काटकर अलग कर दिया।

**परशुराम जी का शौर्य**

श्रीजमदग्नि जी के आश्रम में एक कामधेनु गौ थी, जिसकी अलौकिक ऐश्वर्य शक्ति को देखकर कार्तवीर्यार्जुन उसे प्राप्त करने के लिए दुराग्रह करने लगा था। अंत में उसने गौ को हासिल करने के लिए बल का प्रयोग किया और उसे माहिष्मती ले आया। किंतु जब परशुराम जी को यह बात विदित हुई तो उन्होंने कार्तवीर्यार्जुन तथा उसकी सारी सेना का विनाश कर डाला। जिस पर ऋषि जमदग्नि जी ने चक्रवर्ती सम्राट के वध को ब्रह्म हत्या के समान बताते हुए परशुराम जी को तीर्थ सेवन की आज्ञा दी। वे तीर्थ यात्रा पर चले गये, वापस आने पर माता-पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया। दूसरी ओर सहस्त्रार्जुन के वध से उसके पुत्रों के मन में प्रतिशोध की आग जल रही थी। एक दिन अवसर पाकर उन्होंने छद्म वेष में आश्रम आकर जमदग्नि का सिर काट डाला और उसे लेकर भाग निकले। जब परशुराम जी को यह समाचार ज्ञात हुआ तो वे अत्यन्त क्रोधावेश में आग बबूला हो उठे और पृथ्वी को क्षत्रिय हीन कर देने की प्रतिज्ञा कर ली तथा 21 बार घूम-घूमकर पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया। फिर पिता के सिर को धड़ से जोड़कर कुरुक्षेत्र में अन्त्येष्टि संस्कार किया। पितृगणों ने इन्हें आशीर्वाद दिया और उन्हीं की आज्ञा से इन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी प्रजापति कश्यपजी को दान में दे दी और महेन्द्राचल पर तपस्या करने चले गये।

**अन्य संबंधित कथाएं/मान्यताएं**

सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिव-धनुष भंग किये जाने पर वह महेन्द्राचल से शीघ्रतापूर्वक जनकपुर पहुंचे, किंतु इनका तेज श्रीराम में प्रविष्ट हो गया और ये अपना वैष्णव धनु उन्हें देकर पुनः तपस्या के लिए महेन्द्राचल वापस लौट गये। मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम के क्रोध का सामना गणेश जी को भी करना पड़ा था। दरअसल उन्होंने परशुराम जी को शिव दर्शन से रोक दिया था। क्रोधित परशुराम जी ने उन पर परशु से प्रहार किया तो उनका एक दांत नष्ट हो गया। इसी के बाद से गणेश जी एकदंत कहलाये।

**आज भी तपस्यारत हैं भगवान परशुराम**


भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वह अपने साधकों-उपासकों तथा अधिकारी महापुरुषों को दर्शन देते हैं। इनकी साधना-उपासना से भक्तों का कल्याण होता है। पौराणिक मान्यता है कि वह आज भी महेन्द्राचल पर्वत पर तपस्यारत हैं। ऋषि संतान परशुराम ने अपनी प्रभुता व श्रेष्ठवीरता की आर्य संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी। शैव दर्शन में उनका अद्भुत उल्लेख है जो सभी शैव सम्प्रदाय के साधकों में स्तुत्य व परम स्मरणीय है। देश में अनेक स्थानों पर भगवान जमदग्नि जी के तपस्या स्थल एवं आश्रम हैं, माता रेणुका जी के अनेक क्षत्र हैं। रेणुका माता के मंदिर के अलावा स्वतंत्र रूप से परशुराम जी के अनेक मंदिर भारत भर में हैं, जहां उनकी शांत, मनोरम तथा उग्र रूप मूर्ति के दर्शन होते हैं।

**भगवान परशुराम का महत्व**

परशुराम दरअसल 'राम' के रूप में सत्य के संस्करण हैं, इसलिए नैतिक-युक्ति का अवतरण हैं। भगवान परशुराम को उनके हठी स्वभाव, क्रोध और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने जीवन के लिए अपने ही नियम बना रखे थे। परशुराम जयंती के शुभ दिन उनके चरित्र का स्मरण और अनुसरण कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। भगवान शिव, परशुराम जी के गुरु हैं। वह तेजस्वी, ओजस्वी, वर्चस्वी महापुरूष हैं। न्याय के पक्षधर होने के कारण भगवान परशुराम जी बाल अवस्था से ही अन्याय का निरन्तर विरोध करते रहे। उन्होंने दीन-दुखियों, शोषितों और पीड़ितों की निरंतर सहायता एवं रक्षा की है।

# मेघालय राज्य की खूबसूरती देखेंगे तो बस देखते ही रह जायेंगे

1972 में असम से अलग होकर भारत के इक्कीसवें राज्य के रूप में नक्शे पर उभरा, अद्भुत नैसर्गिक सुषमा का आलय-मेघालय यानि बादलों का घर। आकाश में बादलों के झुंड, धरती पर चंचल झरने, शांत झीलें और उनमें अपना प्रतिबिम्ब निहारती हरियाली, इन सबके बीच आपकी उपस्थिति आपको अवसर देगी कि आप अपने भाग्य पर गर्व कर सकें। यह राज्य गारो, खासी तथा जयन्तिया जैसी प्राचीन पहाड़ी जनजातियों का मूल निवास स्थान है। इन्हीं लोगों को भारत का प्राचीनतम निवासी माना जाता है। ब्रिटिश राज के दौरान स्कॉटलैंड ऑफ ईस्ट कहा जाने वाला शहर शिलांग मेघालय की राजधानी है। खासी पहाड़ियों में, समुद्रतल से लगभग 1500 मी. की ऊंचाई पर बसे इस शहर का नाम एक जनजातीय देवता शुलांग के नाम पर पड़ा है।



प्यार से मिनी लंदन पुकारे जाने वाले शहर के चप्पे-चप्पे पर अंग्रेजी प्रभाव के निशान खोजे जा सकते हैं। शिलांग जैसे छोटे शहर में दर्शनीय स्थानों की सूची छोटी नहीं है। शहर के बीचों-बीच स्थित है वार्डलेक। 1893-94 में बनी यह झील पर्यटकों का ही नहीं स्थानीय लोगों का भी प्रिय स्थान है। खूबसूरत बगीचों की हरियाली और झील के बीच में बना लकड़ी का पुल इसकी विशेषता है। इस लकड़ी के पुल पर से आप झील की मछलियों को देख सकते हैं और चाहें तो उन्हें आटे की गोलियां भी खिलाएं। निःसंदेह बच्चों को यह काम बहुत अच्छा लगेगा। झील के पानी में उतरना चाहें तो नौकाविहार कर सकते हैं। खाने-पीने का अच्छा प्रबंध होना इस स्थान को सुविधाजनक भी बना देता है। यदि आपकी दिलचस्पी पेड़-पोधों में है तो झील के पास स्थित बाटेनिकल गार्डन अवश्य जाएं। वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए यह स्थान बहुत उपयोग साबित होगा। इसके पास ही स्थित डेलिमार वांगखा का तितलियों का सग्रंह भी देखें। दुनिया भर का तितलियों से संबधित जिज्ञासा यहां शांत की जा सकती है। किताबों में रूचि हो और ज्ञान में वृद्धि चाहें तो विशेष रूप से प्राचीन जीवन शैली से जुड़ी जानकारियों चाहें तो स्टेट सैन्ट्रल लाइब्रेरी जाना उचित होगा। साथ ही आपको अपनी ओर खीचेंगे डांन बास्को तथा आंल सैन्ट चर्च। डांन बास्को चर्च की विशाल इमारत और अनूठा प्रार्थना कक्ष ही इसकी खासियत हैं। 1889 में बना भारत का तीसरा सबसे पुराना गोल्फ कोर्स भी शिलांग में ही है। चीड़ और देवदार के ऊंचे वृक्षों से घिरे इस स्थान की मखमली धास का मजा लेने के लिए आपका गोल्फ में रूचि रखना जरूरी नहीं।

### जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# ज्ञानेश्वरी ने सिल्वर और वी. ऋतिका ने जीता ब्रॉन्ज, भारत को तीन मेडल

हेराक्लिओन। ग्रीस के हेराक्लिओन शहर में चल रही जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के दो और वेटलिफ्टरों ने मेडल जीते हैं। 49 किलो वेट में ज्ञानेश्वरी यादव ने सिल्वर और वी. ऋतिका ने ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। इन दोनों से पहले 45 किलो वेट में हर्षदा शरद गरुड ने गोल्ड जीता था। इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के तीन मेडल हो चुके हैं, जो अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदर्शन है। ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 156 किलोग्राम (73KG+83KG) का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वे स्नैच में 73 किलोग्राम और क्लीन-



एंड-जर्क में 83 किलो वजन उठाकर दोनों में दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं वी.ऋतिका ने कुल 150 किलोग्राम (69KG+81KG) वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वे स्नैच में 69 किलोग्राम और क्लीन-एंड-जर्क में 81 किलो वजन उठाकर दोनों में तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारत ने इससे पहले केवल तीन मेडल ही जीते थे

भारत ने इस वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले कुल तीन मेडल ही जीते हैं। मीराबाई ने चानू और झिल्ली डालाबेहरा ने ब्रॉन्ज मेडल और अचिंता शेउली ने सिल्वर मेडल जीता था।

### केवल हर्षदा ने जीता है गोल्ड

सोमवार को हर्षदा शरद गरुड ने इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन की जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस प्रतियोगिता में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली हर्षदा पहली वेटलिफ्टर बनी थीं। उनसे पहले भारत को 2 ब्रॉन्ज और एक सिल्वर मेडल मिला था। 45 किलोग्राम वर्ग में 16 साल की हर्षदा ने कुल 153 किलोग्राम (70KG+83KG) का वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसी कैटेगरी में भारत की ओर से अंजलि पाटिल कुल 148 किलोग्राम (67KG+81KG) का वजन उठाकर पांचवें स्थान पर रहीं।

# 'जनहित में जारी' में जलवा दिखाएंगी नुसरत भरूचा




नुसरत भरूचा की अपकमिंग फिल्म 'जनहित में जारी' 10 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि 'जनहित में जारी' एक असामान्य लेकिन प्रासंगिक और कॉमेडी फिल्म है। बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा फिल्म छोरी की सफलता के बाद एक और महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश के साथ पर्दे पर लौट रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'जनहित में जारी' 10 जून 2022 को सिनेमाघरों में होने जा रही है। फिल्म के रिलीज होने से पहले नुसरत भरूचा ने अपने सोशल अकाउंट से एक नया पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह अलग-अलग लुक में दिख रही हैं। नुसरत भरूचा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में फिल्म अपने नए-नए लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- ''उंगलियां नहीं अपनी सोच ऊपर करो-ये सूचना है। 'जनहित में जारी' 10 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।
बता दें कि इससे पहले अपने नुसरत ने फिल्म से अपना पहला लुक शेयर कर सभी को हैरान कर दी थीं। फिल्म के नए पोस्टर में वह टैंक टॉप पहने नजर आई थीं, जिस पर एक खास मैसेज लिखा हुआ था, "स्टॉकिंग करने से शर्म करो कंडोम इस्तेमाल करने से नहीं।"
आपको बता दें कि 'जनहित में जारी' एक असामान्य लेकिन प्रासंगिक और कॉमेडी फिल्म है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अपने सब्जेक्ट के जरिए पुरानी परंपराओं को तोड़ने की कोशिश करेगी। फिल्म में नुसरत बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। ऐसा रोल उन्होंने पहले नहीं किया है। फिल्म में उन्हें अपने शहर में कंडोम बेचने वाली एक महिला के रूप में देखा जाएगा। नुसरत के अलावा फिल्म में अन्नू कपूर, अनुद सिंह ढाका और पारितोष त्रिपाठी जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।

'जनहित में जारी' 10 जून २०२२ को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

### नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्में

फिल्म का निर्देशन राज शांडली ने किया है। मजेदार बात ये है कि फिल्म ड्रीम गर्ल के बाद अभिनेत्री नुसरत भरूचा और राज शांडिल्य ने दूसरी बार साथ काम किया है।'जनहित में जारी' के अलावा नुसरत भरुचा 'सेल्फी' और 'राम सेतु' जैसी फिल्मों में भी नजर आएंगी। इससे पहले उन्हें साल 2021 की रिलीज हुई फिल्म छोरी में देखा गया गया था। फिल्म छोरी हॉरर ड्रामा थी,जो कन्या भ्रूण हत्या पर बेस्ड थी।

# धनाश्री वर्मा ने नोरा फतेही की तरह किया डांस



कोरियोग्राफर धनाश्री वर्मा अपने डांस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। धनाश्री अपने शानदार डांस वीडियोज़ से इंटरनेट पर धमाल मचाती हैं। धनाश्री सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं और अक्सर अपने एनर्जेटिक डांस वीडियोस पोस्ट करती रहती हैं। कभी पति युजवेंद्र चहल उनके डांस पार्टनर बन जाते हैं तो कभी उनकी मां। इन दिनों धनाश्री का लेटेस्ट डांस वीडियो इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहा है। धनाश्री के इस वीडियो को देखकर आप भी झूमने पर मजबूर हो जाएंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा धनाश्री वर्मा का लेटेस्ट डांस वीडियो देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इस जबरदस्त डांस वीडियो का एक एक स्टेप और डांस मूव्स देखने लायक है। धनाश्री वर्मा के इस डांस वीडियो को इंस्टेंट बॉलीवुड के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल से शेयर किया है। वीडियो में 'नाच मेरी रानी' गाने पर धनाश्री वर्मा थिरकती हुई नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो में धनाश्री के एनर्जी लेवल का कोई जवाब नहीं है।

# रश्मि देसाई ने करवाया बोल्ड फोटोशूट



टीवी की संस्कारी बहू और 'बिग बॉस' फेम रश्मि देसाई छोटे पर्दे का एक जाना माना नाम है। रश्मि टेलीविजन की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रश्मि ने टीवी शोज के अलावा कई भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। साथ ही वह कई म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। एक्टिंग के साथ रश्मि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वहीं उनके हर पोस्ट पर फैन्स जमकर प्यार लुटाते हैं। इसी बीच अब रश्मि का लेटेस्ट फोटोशूट चर्चा में बना हुआ है। रश्मि देसाई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में बला की हॉट नजर आ रही हैं। तस्वीरों में रश्मि देसाई ने ऑफ शोल्डर ब्लैक कलर की ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनी है। इस ड्रेस में बला की हॉट नजर आ रहीं हैं। इस ट्रांसपेरेंट ड्रेस के अंदर रश्मि ने मैचिंग इनर पहनी हुई है। इस ट्रांसपेरेंट ड्रेस में आर पार सब नजर आ रहा है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
मंगलवार 03 मई 2022

खुद बोलती तस्वीर



# राजस्थान के जोधपुर में दो समुदायों में टकराव, 10 इलाकों में लगा कर्फ्यू

जयपुर / यूटर्नः राजस्थान के जोधपुर में सोमवार देर रात भगवा झण्डा हटाकर इस्लामिक झण्डा लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हुआ विवाद मंगलवार को एक बार फिर भड़क उठा। मंगलवार सुबह नमाज पढ़कर वापस लौट रहे युवकों ने पत्थरबाजी और आगजनी की। वाहनों में तोड़फोड़ कर दो दर्जन बाइकों को आग के हवाले कर दिया। तीन एटीएम में तोड़फोड़ की गई। भाजपा विधायक सूर्यकान्ता व्यास के घर के बाहर खड़ी बाइक को आग लगा दी गई। चाकू से हमला कर एक युवती को घायल कर दिया। उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया और फिर आंसूगैस के गोले छोड़े। जोधपुर जिले में इंटनेट बन्द कर दिया गया है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शहर में घूमकर लोगों से मिले। उन्होंने समर्थकों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। उपद्रवियों की पत्थरबाजी में सोमवार रात और मंगलवार सुबह तक चार पुलिसकर्मी, आधा दर्जन स्थानीय नागरिक और मीडियाकर्मी घायल हुए हैं। गृहराज्य मंत्री राजेन्द्र यादव व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हवा सिंह को जयपुर से जोधपुर भेजा गया है। शहर में तनाव बरकरार है



### ऐसे उत्पन्न हुआ तनाव

मुख्यमंत्री के गृह नगर में सोमवार रात करीब 12 बजे जालौरी गेट चौराहे पर बने बालमुकुंद बिस्सा सर्किल से भगवा झण्डा उतारकर इस्लामिक झण्डा लगा दिया गया। ईद से एक दिन पहले लाउडस्पीकर भी लगाए गए। इस्लामिक झण्डा लगाए जाने का दो युवकों ने विरोध किया तो भीड़ ने उनके साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही दोनों समुदायों के लोग एकत्रित हो गए।एक समुदाय विशेष के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों पर अचानक पथराव करना शुरू कर दिया। घरों की छतों से हरे रंग किए हुए पत्थर फेंके गए। इससे पुलिस उप अधीक्षक भुवनभुषण, उदयपुर मंदिर थाना अधिकारी अमित सिहाग सहित चार पुलिसकर्मी, कुछ मीडियाकर्मी व स्थानीय लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। समझा कर मौके पर शांति स्थापित करवाई गई। रात करीब डेढ़ बजे उपद्रवी फिर जालौरी गेट व ईदगाह क्षेत्र एकत्रित हुए और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने पहले लाठीचार्ज और फिर आंसूगैस छोड़ी। तनाव के बीच मंगलवार को शहर में ईद की नमाज सम्पन्न हुई। नमाज पढ़कर लौट रहे करीब दो सौ लोगों की भीड़ ने जालौरी गेट पर पत्थरबाजी शुरू कर दी, वाहनों में आग लगा दी, पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों के साथ मारपीट की गई। इस पर पुलिस ने दूसरे दिन भी लाठीचार्ज करने के साथ ही आंसूगैस के गोले छोड़े।

### अखिलेश को लेकर छलका शिवपाल का दर्द, बोले-

# हमने उसे चलना सिखाया और वो रौंदता चला गया

लखनऊ / यूटर्नः समाजवादी पार्टी की स्थापना के समय से लेकर प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने तक बड़ी मंजिल पाने वाले शिवपाल सिंह यादव का दर्द एक बार फिर छलका है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2017 के दौरान समाजवादी पार्टी में अपमानित महसूस करने वाले शिवपाल सिंह यादव ने 29 अगस्त 2018 को अपनी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का गठन किया। फिलहाल समाजवादी पार्टी से इटावा के जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के कयास लग रहे हैं, इसी बीच उन्होंने मंगलवार को एक कू पोस्ट कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में खलबली मचा दी है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का मंगलवार को ईद की मुबारकवाद देने के



दौरान दर्द एक बार फिर बहार आ ही गया। उनके एक कू की भाषा से यह तो तय हो गया है कि आर-पार की यह लड़ाई अब राजनैतिक होगी। शिवपाल सिंह यादव लम्बे समय से प्रदेश में अपना दूसरा मजबूत ठिकाना तलाश रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उनको बड़ा आफर भी है। शिवपाल सिंह यादव ने अब समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलना तय कर लिया है। शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को ईद की मुबारकवाद का एक कू तो किया है, लेकिन उसमें टारगेट किसी और को बनाया है। शिवपाल सिंह यादव ने कू किया है कि अपने सम्मान के न्यूनतम बिंदु पर जाकर मैंने उसे संतुष्ट करने का प्रयास किया। इसके बावजूद भी अगर नाराज हूं तो किस स्तर तक उसने हृदय को चोट दी होगी। हमने उसे चलना सिखाया... और वो हमें रौंदते चला गया। एक बार पुनः पुनर्गठन,आत्मविश्वास व सबके सहयोग की अप्रतिम शक्ति से ईद की मुबारकबाद। सीतापुर जेल में करीब 26 महीने से बंद आजम खां के खिलाफ मुसलमान नेताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ जो माहौल बनाया है, शिवपाल सिंह यादव भी उसका लाभ लेने के प्रयास में हैं। एक बीते दिनों सीतापुर जेल में आजम खां के साथ उनकी भेंट काफी चर्चा में थी।


# उत्तराखंड में योगी आदित्यनाथ ने महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का किया अनावरण



देहरादून / यूटर्नः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर आज उत्तराखंड पहुंचे हैं। उप्र में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ का यह पहला उत्तराखंड दौरा है। पौड़ी (गढ़वाल) जिले के यमकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत बिथ्याणी में उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत भी आदि उपस्थित रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से वह पौड़ी (गढ़वाल) जिले के यमकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत बिथ्याणी के लिए रवाना हुए। यहां योगी आदित्यनाथ अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद वह अपने पैतृक गांव पंचूर भी जा सकते हैं।

# पब में दिखे राहुल, भाजपा ने उठाए सवाल, दोस्त की शादी में गए हैं नेपाल

नई दिल्ली / यूटर्नः नेपाल यात्रा पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक पब का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह एक पब में पार्टी करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने कांग्रेस नेता को घेरा है। नेपाली अखबार 'द काठमांडू पोस्ट' के अनुसार राहुल गांधी नेपाल में अपनी दोस्त सुम्निमा उदास के विवाह में शामिल होने के लिए काठमांडू आए हैं। सुम्निमा के पिता भीम उदास ने कहा कि हमने राहुल गांधी को बेटी की शादी में शामिल होने का न्योता दिया था। भीम उदास म्यांमार में नेपाल के राजदूत रहे हैं। उनकी बेटी सुम्निमा सीएनएन की पूर्व संवाददाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राहुल



गांधी सोमवार को काठमांडू पहुंचे थे। कल वे अपनी दोस्त सुम्निमा दास की शादी के कार्यक्रम में शरीक हुए थे। शादी आज होगी और स्वागत समारोह 5 मई को। सुम्निमा की शादी निमा मार्टिन शेरपा के साथ हो रही है। कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे वीडियो में राहुल एक नाइटक्लब में कुछ लोगों के साथ पार्टी में शामिल हैं।

# पैर पसार रहा कोरोनाः एक महीने में 70% मरीज बढ़े

नई दिल्ली / यूटर्नः देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में एक बार फिर तेजी आई है। पिछले एक महीने के अंदर इसमें 69.549% का इजाफा दर्ज हुआ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दो अप्रैल को देश में 11 हजार 287 एक्टिव केस थे। अब दो मई यानी कल तक 19 हजार 137 हो गया है। अगर संक्रमण की यही रफ्तार रही तो आने वाले दिनों में स्थिति फिर से खराब हो सकती है। पिछले एक हफ्ते यानी 26 अप्रैल से लेकर दो मई तक देश में 2520 एक्टिव केस बढ़े हैं। इसके पहले 19 से 25 अप्रैल के बीच 2667 एक्टव मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया। 12 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच 1172 लोग संक्रमित पाए गए थे। अभी हर रोज करीब 200 से 600 एक्टिव केस बढ़ रहे हैं। बीच में एक-दो दिन एक्टिव केस की संख्या माइनस में भी हो रही है। इन सभी को जोड़कर अगर देखा जाए तो हर हफ्ते औसतन 2119 एक्टिव मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

# नवनीत राणा पर कार्रवाई करेंगे उद्धव ठाकरे, अवैध निर्माण की जांच के लिए थमाया नोटिस

मुंबई / यूटर्नः राजद्रोह का मुकदमा झेल रहीं अमरावती सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की मुसीबत कम नहीं हो रही है। पहले से ही वह जेल में हैं। अब बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने उन्हें कथित अवैध निर्माण के सिलसिले में नोटिस थमा दिया है। इस नोटिस में कहा गया है कि बीएमसी अधिकारी चार मई या उसके बाद नवनीत राणा के फ्लैट का निरीक्षण करेंगे। इस फ्लैट में अवैध निर्माण कराने की बात कही गई है। अगर जांच में अवैध निर्माण पाया जाता है, तो इसे तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को 23 अप्रैल को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर



हनुमान चालीसा पढ़ने के विवाद में हुई थी। तब से राणा दंपती न्यायिक हिरासत में है और हाईकोर्ट उनकी जमानत याचिका को खारिज कर चुका है। राणा दंपती की जमानत याचिका पर सोमवार को भी सुनवाई हुई थी, लेकिन फैसला नहीं आया। अब बुधवार को जमानत याचिका पर फैसले की उम्मीद है। कोर्ट में शुरु अन्य मामलों की सुनवाई और फिर समय की कमी के कारण सोमवार को फैसला नही हो सका।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma